**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 30.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दुर्गा पूजा के अवसर पर देश–विदेश के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।
2. कृषि विभाग विक्रेताओं और प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के लिए केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करेगा ।
3. नशा मुक्त भारत अभियान के तहत माई गॉव प्लेटफॉर्म पर राष्ट्रीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएँ शुरू की गई हैं।
4. तकनीकी खराबी के कारण जहाज सिंधु की आज निर्धारित ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे की यात्रा स्थगित ।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दुर्गा पूजा के अवसर पर भारत और विदेशों में रहने वाले सभी भारतीयों को को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि दुर्गा पूजा का पावन पर्व हमारी संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि माँ दुर्गा के नौ रूपों की आराधना न केवल आध्यात्मिक शुद्धि का मार्ग है बल्कि यह हमें सत्य, न्याय और करुणा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है। द्वीपसमूह में दुर्गा पूजा उत्सव पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और लोगों की पूजा–अर्चना के लिए भारी भीड़ देखी जा रही है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। एक रिपोर्ट...

<><><><><><><>

द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी, ने कल राज निवास परिसर में, "एक पेड़ माँ के नाम" के तहत चल रहे मसाला प्रवाह और सेवा पखवाड़ा पहल के अंतर्गत लौंग के पौधे का औपचारिक रोपण किया। इस पहल का उद्देश्य मसाला की खेती को बढ़ावा देना और मसाला क्षेत्र में अधिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाना है।

<><><><><><><>

कृषि विभाग सहकारिता रजिस्ट्रार के सहयोग से, उर्वरक, कीटनाशक तथा बीज विक्रेताओं, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों और अन्य सभी इच्छुक लोगों के लिए एक केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करेगा। यह अभिविन्यास कार्यक्रम 6 अक्टूबर को दक्षिण और मध्योत्तर अंडमान जिले के कृषि और किसान कल्याण विभाग के सहायक निदेशक कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महत्वपूर्ण अधिनियमों और नए शुरू किए गए पीएम किसान समृद्धि केंद्रों के बारे में जानकारी प्रदान करना है ।

<><><><><><><>

कृषि विभाग, द्वीप सुगंध ब्रांड के अंतर्गत खरीद के लिए मसालों की उपलब्धता के लिए आंकलन अभ्यास कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य उन किसानों और स्वयं सहायता समूहों की पहचान करना है जिनके पास मसाला उत्पाद उपलब्ध हैं। विभाग ने कहा है कि जो किसान और स्वयं सहायता समूह अपनी उत्पाद की उपलब्धता बताना चाहते हैं, उनसे 30 अक्तूबर तक किसान कॉल सेंटर पर संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से माई गॉव प्लेटफॉर्म पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत राष्ट्रीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएँ शुरू की गई हैं। ये प्रतियोगिताएँ तीन चरणों में आयोजित की जाएँगी। ज़िला स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 24 अक्टूबर तक, राज्य या केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर निबंध लेखन 27 अक्टूबर से 7 नवंबर, और राष्ट्रीय स्तर पर भाषण और समूह चर्चा नवंबर के दूसरे सप्ताह में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक स्तर के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना और एक नशा मुक्त समाज का निर्माण करना है। समाज कल्याण निदेशालय छात्रों, युवाओं और संस्थानों से माई गॉव पोर्टल के माध्यम से इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। प्रतियोगिता के बारे में दिशा–निर्देश और अन्य जानकारी www.mygov.in पर उपलब्ध हैं। इस संबंध में प्रतिभागी समाज कल्याण निदेशालय से भी संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

जहाज सिंधु में आ रही तकनीकी खराबी के कारण आज की श्री विजयपुरम से ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे की यात्रा को स्थगित किया गया है। अब जहाज सिंधु के स्थान पर जहाज नालंदा 2 अक्तूबर को सुबह 9 बजे श्री विजयपुरम से ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे जाएगा और 4 अक्तूबर को सुबह आठ बजे इन्हीं मार्गों

से होते हुए श्री विजयपुरम लौटेगा। यात्रियों से कहा गया है कि वे संशोधित कार्यक्रम के अनुसार जहाज सिंधु की टिकट से जहाज नालंदा की यात्रा कर सकते हैं या टिकट रद्द कर राशि वापस ले सकते हैं।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग की ओर से कल विश्व रेबीज दिवस मनाया गया। इस वर्ष का विषय, 'अभी कार्य करें: आप, मैं, समुदाय', था। इस अवसर पूरे द्वीपसमूह के पशु चिकित्सालयों और पशु औषधालयों में सामूहिक नसबंदी और टीकाकरण कार्यक्रम चलाया गया। अंडमान निकोबार द्वीप समूह को आधिकारिक तौर पर रेबीज मुक्त माना जाता है, जहाँ मनुष्यों या जानवरों में रेबीज का कोई भी स्थानीय मामला सामने नहीं आया है। कार्यक्रम में सामुदायिक संगठनों और पशु चिकित्सा कर्मचारियों ने आवारा कुत्तों के प्रबंधन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पशुपालन और पशुचिकित्सा निदेशक डॉ. के.ए. नवीन ने कहा कि टीकाकरण, आवारा कुत्तों पर नियंत्रण बनाए रखने की कुंजी है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से प्राचीन समुद्र तटों और असाधारण जैव विविधता के लिए समुद्र तट पर्यटन दिशानिर्देश–2025 और समुद्र तट पर्यटन नीति–2025 का मसौदा तैयार किया गया है। हाल के वर्षों में, द्वीपों में पर्यटन, विशेष रूप से समुद्र तट पर्यटन में वृद्धि देखी गई है, जिससे उल्लेखनीय आर्थिक अवसर पैदा हुए हैं। हालाँकि, इस तीव्र वृद्धि के परिणामस्वरूप पर्यावरण और स्थानीय समुदायों पर दबाव भी बढ़ रहा है। समुद्र तट पर्यटन नीति और समुद्र तट पर्यटन दिशानिर्देशों का मसौदा सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है। बौद्धिक संपदा एवं पर्यटन निदेशालय की आधिकारिक वेबसाइट पर आम जनता, पर्यटन हितधारकों, विभिन्न विभागों आदि से सुझाव और टिप्पणियाँ मांगे गए हैं। सुझाव और टिप्पणियां लिखित रूप में पर्यटन निदेशक के मेल पर 30 अक्टूबर तक भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने कल वार्ड नम्बर 15, 17 और 24 में सड़कों का व्यापक निरीक्षण किया। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा, नगरपालिका परिषद सचिव अजहरुद्दीन ज़हीरुद्दीन काज़ी और परिषद के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। यह निरीक्षण संबंधित वार्डों में मौजूदा सड़कों की स्थिति, और चल रहे मरम्मत कार्यों का आंकलन करना था। टीम ने सड़क रखरखाव, जल निकासी और जन सुविधा से संबंधित अन्य मुद्दों की समीक्षा की। दौरे के दौरान, जिला उपायुक्त ने जन सुरक्षा और आवागमन की सुविधा के लिए मरम्मत और सुधार कार्यों के समय पर करने के लिए ज़ोर दिया।

नगरपालिका सचिव ने अभियांत्रिकी कर्मचारियों को प्रस्ताव तैयार करने और प्राथमिकता के आधार पर रखरखाव कार्यों को करने का निर्देश दिया।

**<><><><><><><>**

डॉलीगंज स्थित श्री मां कनका दुर्गा मंदिर में आज सुबह 9 बजे से पूजा–अर्चना और भजन–कीर्तन का आयोजन होगा। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। दो अक्तूबर को विशेष अन्न प्रसादम की व्यवस्था की जाएगी।

**<><><><><><><>**